


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 04 जुलाई-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 260 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# चढ़ावा चोरी में सनसनीखेज खुलासा

## जो माल बरामद न हो सका उसका बन गया सोने का बिस्किट!



- पूछताछ में रिमांड पर लिए गए अविनाश शुक्ला ने खोले कई राज
- सभी आरोपी मिलकर पार करते थे लंबी रकम, बराबर हिस्सों में होता था बंटवारा, दो बार सीसीटीवी की फुटेज भी डिलीट की गयी

**लखनऊ।** अयोध्या राम मंदिर दान घोटाले की परतें जैसे-जैसे खुल रही हैं, जांच का दायरा उतना ही हैरान करने वाला होता जा रहा है. सूत्रों से मिली एक्सक्लूसिव जानकारी के मुताबिक, इस मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (SIT) अब एक बेहद चौंकाने वाले एंगल पर काम कर रही है। एसआईटी को अंदेशा है कि मंदिर से चोरी किए गए बहुमूल्य आभूषणों की पहचान मिटाने के लिए आरोपियों ने उन्हें गलवा दिया और उनके सोने के बिस्कुट बनवा लिए। दरअसल, जांच एजेंसियों द्वारा आरोपियों के ठिकानों पर की गई अब तक की छापेमारी में चोरी से जुड़े आभूषण बरामद नहीं हो सके हैं। जेवरातों का गायब होना ही जांच टीम के इस शक को और गहरा कर रहा है कि कहीं सबूत मिटाने और सोने को आसानी से खपाने के लिए यह साजिश तो नहीं रची गई. इस बीच एसआईटी के आला अधिकारियों ने रामलला के दर्शन करने के बाद प्रभारी केडी बाबू से आभूषणों, चढ़ावे की बहुमूल्य वस्तुओं और उनके रख-रखाव की मौजूदा व्यवस्था पर लंबी पूछताछ की। वहीं दूसरी तरफ राम मंदिर चढ़ावा चोरी में कस्टडी रिमांड में लिए गए आरोपी अविनाश शुक्ला ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि सभी आरोपी मिलकर हर बार लाखों रुपये पार करते थे। ये सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। एक साल पहले उसने नौकरी जॉइन की तब से वह भी इसमें शामिल हो गया था। सूत्रों ने बताया कि अविनाश का कहना था कि जो भी रकम सभी लोग मिलकर पार करते थे, वह बराबर हिस्सों में बांटी जाती थी। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में पुलिस की जांच में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। चोरी की करतूत न खुले, इसलिए आरोपियों ने कई बार सीसीटीवी से छेड़छाड़ की। कंट्रोल रूम में जाकर सीसीटीवी फुटेज डिलीट करने की कोशिश की और एक-दो बार इसमें सफल भी हुए। हालांकि, पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच में सबूत के तौर पर जितने फुटेज की जरूरत थी, उतने मिल चुके हैं। गणना की जगह सीसीटीवी की जद में है। यह बात आरोपियों को पता थी। जो जानकारी उन्हें नहीं होती थी, वह गणना इंचार्ज सुभाष व टिन्नू यादव से मिल जाती थी। जब ये सभी रकम पार करते थे, तो उस दौरान सभी एक कर्मी को घेरकर खड़े हो जाते थे, ताकि पूरी तरह कैमरे की जद में न आएं।

### खामेनेई की विदाई में लगा अमेरिका मुर्दाबाद का नारा

**तेहरान।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई को आखिरी विदाई देने के लिए शनिवार को लाखों लोग तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में जुटे हैं। शिया परंपरा के मुताबिक काले कपड़े पहने लोग छाती पीटकर मातम मनाते दिखे। इस दौरान लोगों ने 'खून बहेगा', 'अमेरिका मुर्दाबाद' और 'बदला, बदला' जैसे नारे भी लगाए। तेहरान में 3 जुलाई से खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्में शुरू हो गई हैं जो 9 जुलाई तक चलेगी। कल शुक्रवार को कार्यक्रम में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हालांकि रूस, चीन, भारत और तुर्किये जैसे देशों के टॉप लीडर्स ने इससे दूरी बरती। ईरान की तरफ से न्योता भेजे जाने के बावजूद इन्होंने अपने निचले स्तर के प्रतिनिधियों को भेजा। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए ईरान को एक हफ्ते की छुट्टी दी है। ट्रम्प ने कहा कि कार्यक्रम खत्म होने के तुरंत बाद ईरान को अमेरिकी शर्तें माननी होंगी।

### गोपाल राव को फ्लाइट में देखकर लोगों ने लगाया 'चढ़ावा चोर' का नारा

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी गोपाल राव को फ्लाइट में देखकर लोग भड़क गए। उन्होंने 'चंदा चोर' और 'चढ़ावा चोर' के नारे लगाने शुरू कर दिए। फ्लाइट की केबिन क्रू ने यात्रियों को समझाया। मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव सुबह 7:05 बजे लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट से बेंगलुरु के लिए रवाना हुए थे, तभी यह वाकया हुआ। इधर, मंदिर ट्रस्ट ने 6 जुलाई को होने वाली बैठक का एजेंडा जारी किया है। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और न्यासी डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर फैसला होगा। इसके अलावा SIT की शुरुआती रिपोर्ट और मंदिर प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी।

### ममता की करीबी चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बंगाल टीएमसी चीफ समेत सभी पदों से दिया इस्तीफा

पश्चिम बंगाल में पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बेहद करीबी और टीएमसी की 'राइट हैंड' मानी जाने वाली चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी के सभी संगठनात्मक पदों से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के मुताबिक, टीएमसी की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को एक पत्र लिखकर अपने इस फैसले की जानकारी दी है। इस पत्र में भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया है कि वे न केवल सांगठनिक पदों से मुक्त हो रही हैं, बल्कि उन्होंने पार्टी के महत्वपूर्ण वित्तीय और प्रशासनिक फैसलों से जुड़ी 'साइनिंग अथॉरिटी' के पद से भी तत्काल प्रभाव से कदम पीछे खींच लिए हैं। इस मामले में अभी तक टीएमसी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। इस घटनाक्रम ने बंगाल के सियासी पारे को अचानक बढ़ा दिया है।

### पीएम मोदी पहुंचे पचपदरा रिफाइनरी का किया उद्घाटन



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के पदपदरा में रिफाइनरी का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने जोधपुर में नए एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन किया। संशोधित उड़ान (UDAN) योजना की भी शुरुआत की। वहीं, पीएम मोदी को टर्मिनल का प्रजेंटेशन भी दिखाया गया। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा, गजेंद्र सिंह शेखावत, सिविल एविएशन मंत्री राममोहन नायडू समेत कई अन्य मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे। रिफाइनरी में काम करने वाले कर्मचारियों से पीएम मोदी ने मुलाकात की। उद्घाटन के पहले पीएम मोदी रिफाइनरी के कंट्रोल विंग में पहुंचे। वहां उन्होंने इंजीनियरों से रिफाइनरी की व्यवस्था को समझा। साथ ही जाना कि तेल को कैसे साफ किया जाएगा।

### 'फिल्मों और ओटीटी की पायरेसी पर तुरंत रोक लगाए टेलीग्राम', केंद्र सरकार ने 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सरकार ने बड़े पैमाने पर हो रही पायरेसी को लेकर टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टेलीग्राम को निर्देश दिया है कि वह पायरेटेड फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के खिलाफ तुरंत कदम उठाए और 15 दिनों के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपे। सूत्रों के मुताबिक, सरकार का यह कदम भारत की क्रिएटर इकॉनमी, फिल्म इंडस्ट्री, ब्रॉडकास्टर्स, ओटीटी प्लेटफॉर्म, प्रोड्यूसर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स की सुरक्षा के लिए है।

### चंपत राय के समर्थन में संत मंडल

**अयोध्या।** राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अयोध्या संत मंडल खुलकर उनके समर्थन में उतर आया है। प्रेस वार्ता में संतों ने ट्रस्ट से अपील की कि चंपत राय का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि वे लंबे समय से चंपत राय को जानते हैं और उनकी निष्ठा, ईमानदारी तथा कार्यशैली पर उन्हें पूरा विश्वास है। संतों ने कहा कि चंपत राय पूरी तरह निर्दोष हैं और उनके खिलाफ प्रसारित की जा रही बातें निराधारहैं। उन्होंने मीडिया में चल रहे आरोपों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बिना तथ्यों के किसी की छवि धूमिल करना उचित नहीं है। संत मंडल ने कहा कि चंपत राय ने स्वयं पूरे प्रकरण की एसआईटी जांच कराने का अनुरोध किया था।

## विश्वनाथ मंदिर पर गलती से चली गोली



- ड्यूटी कर रहे जवान की कारबाईन से हुई फायरिंग में तीन घायल

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर-4बी के पास आज शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ड्यूटी पर तैनात पीएसी के एक जवान की कार्बाइन से कथित तौर पर अचानक गोली चल गई। गोली पत्थर से टकराने के बाद उसके छर्रे और गिट्टियां आसपास मौजूद श्रद्धालुओं और लोगों से टकरायीं जिससे तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित कर लिया। बताया जा रहा है कि पीएसी जवान की कार्बाइन से गलती से फायर हो गया। गोली किसी व्यक्ति को सीधे नहीं लगी, बल्कि पत्थर से टकराने के बाद उसके छर्रे और गिट्टियां लोगों को लगीं। घायलों की पहचान निक्की गुप्ता, राम बाबू और विकास यादव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल मंडलीय चिकित्सालय, कबीरचौरा भिजवाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत ख़तरे से बाहर है।

### केंद्र ने जैश और लश्कर से जुड़े 23 अपराधियों को घोषित किया आतंकी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में सीमा-पार से संचालित हो रहे आतंकी नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए केंद्र सरकार ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आज शनिवार को एक आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन जारी करते हुए UAPA के तहत 23 पाकिस्तान स्थित अपराधियों को 'आतंकवादी' घोषित कर दिया है। ये सभी आतंकी पाकिस्तान में बैठकर लश्कर-ए-तैयबा (LeT), जैश-ए-मोहम्मद (JeM) और द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) जैसे खूंखार संगठनों के लिए काम कर रहे हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि ये लोग कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर में आतंकी भर्ती, घुसपैठ, ट्रेनिंग, ड्रोन के ज़रिए हथियार सप्लाई करने और हमलों की योजना बनाने में शामिल थे। इन 23 लोगों में से तीन LeT के संस्थापक हाफ़िज़ मुहम्मद सईद के करीबी सहयोगी बताए जाते हैं, तीन कथित तौर पर 2016 में नगरोटा में आर्मी कैंप पर हुए आतंकी हमले में शामिल थे और दो कथित तौर पर 2018 में सुंजवान मिलिट्री स्टेशन पर हुए आतंकी हमले में शामिल थे।




### माता-पिता ने ही की थी शराबी बेटे की हत्या



**राजकोट।** गुजरात के राजकोट जिले में एक माता-पिता ने अपने शराबी बेटे की तेजाब पिलाकर हत्या कर दी। इस घटना को शुरू में आत्महत्या बताया जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि उसके माता-पिता ने ही तेजाब पिलाने के बाद गला घोंटकर मार डाला। दरअसल, राजकोट जिले के गोंडल तालुका के गुंडाला गांव में 23 वर्षीय युवक की रहस्यमय मौत को शुरू में इसे आत्महत्या का मामला बताया गया था, लेकिन पोस्टमार्टम से पता चला कि माता-पिता ने अपने बेटे की हत्या की थी। मृतक राम बाबूभाई बंभवा को शराब पीने की लत थी,जिसके कारण उसके पिता बाबूभाई उर्फ अतुलभाई घुघाभाई बंभवा और माता मनीषाबेन उर्फ मोतीबेन से अक्सर झगड़े होते रहते थे। 30 जून को इसी मुद्दे पर तीखी बहस हुई। बहस बढ़ने पर मां ने जबरदस्ती बेटे को तेजाब पिला दिया, जबकि पिता ने उसे पीटने के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

## देश में कई जगहों पर मानसून से तबाही




- गुजरात में बाढ़ जैसे हालात उज्जैन में बाईक सहित युवक बहा महाराष्ट्र में सड़कों पर घुटनों तक पानी

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ।** मानसून देश के लगभग सभी राज्यों में पहुंच चुका है। राजस्थान-गुजरात के कुछ हिस्से बाकी हैं, हालांकि उससे पहले गुजरात में बारिश के चलते बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। गुजरात के मेंडरडा इलाके में समधियाला गांव के पास बाढ़ के पानी में चार गाड़ियां फंस गईं। जिसमें से 19 लोगों का रेस्क्यू किया गया। उधर महाराष्ट्र के नालासोपारा में रेलवे स्टेशन के बाहर घुटनों तक पानी भर गया। पालघर में बारिश के बीच स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। राजस्थान के जयपुर में तेज बारिश के बाद सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के माइनर ओटी में पानी भर गया। यहां से मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट किया। मध्य प्रदेश के भोपाल-इंदौर समेत 26 से ज्यादा जिलों में शुक्रवार को तेज बारिश हुई। उज्जैन में पुलिया पार करने की कोशिश में युवक मोटरसाइकिल समेत बह गया। यूपी के 20 जिलों में बारिश हुई। मथुरा में भारी बारिश से रेलवे अंडरपास में गर्दन तक पानी भर गया। कानपुर में मेडिकल कॉलेज में पानी भर गया। कारें-बाइक आधी डूब गईं। झांसी में बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। वहीं वाराणसी में बारिश की आस में लोग टकटकी लगाए हैं। बार-बार बादलों की आमोदरफ्त के बावजूद पानी नहीं बरस रहा है जिसको लेकर जनमानस में खासी बेचैनी देखी जा रही है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 37.8°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 04 जुलाई, शनिवार 2026 (2)







डाक्टर्स-डे के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की वाराणसी शाखा द्वारा आयोजित समारोह के दौरान डॉक्टर राजीव कुमार गुप्ता को सम्मानित करते पद्मश्री प्रोफेसर श्याम सुन्दर अग्रवाल।

# राह भटका मानसून!

## मौसम विभाग ने की भविष्यवाणी : तीन दिन और करना होगा इंतजार



**वाराणसी।** काशी में मानसून रास्ता भटक गया है। मानसून कमजोर शुरुआत ने लोगों को गर्मी और उमस से बेहाल कर दिया है। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों तक मानसून के कमजोर रहने के आसार जताए हैं। उसके बाद अगले तीन दिनों में जोर पकड़ सकता है। पुरवा हवा की नमी एक ही दिन में 95 फीसदी से घटकर 80 फीसदी पर आ गई है। वहीं, हवा का रुख भी बदला हुआ है। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री ऊपर 37.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री ऊपर 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। यूपी आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने कहा कि मानसून कमजोर होने की वजह बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र है। इसके कारण मौसमी द्रोणी अपनी वर्तमान स्थिति से दक्षिण की ओर खिसक गई है। अब कुछ दिनों तक तापमान बढ़ने के आसार हैं। काशी में पिछले दो दिनों में सिर्फ 60 मिमी बारिश हुई है। वहीं, मानसून की घोषणा के बाद अब तक केवल पांच मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### गंगा घाटों पर पसरा सन्नाटा

**वाराणसी।** वाराणसी का शनिवार का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वही हवा का रफ्तार 14 किलोमिटर प्रति घंटे,नमी 49प्रतिशत बनी रही। तेज धूप के कारण काशी विश्वनाथ मंदिर मार्ग पर श्रद्धालु धूप से बचते दिखे। गंगा घाट पर सन्नाटा पसरा है। नाव संचालन भी बंद है क्योंकि दोपहर में कोई यात्रा गंगा घाट नहीं घूम रहा।




## शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शुरुआत करने 8 जुलाई को आ रहे हैं मुख्यमंत्री



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ जुलाई बुधवार को वाराणसी के व्यापार केंद्र में शिक्षकों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके माध्यम से बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के पात्र शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों, केजीबीवी वार्डन, विषय विशेषज्ञों व उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नए सत्र में बच्चों को ड्रेस, जूता-मोजा आदि के लिए डीबीटी भी इसी दिन करेंगे मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की घोषणा की थी। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बेसिक विभाग की ओर से पोर्टल लाइव कर अब तक 7 लाख से अधिक लाभार्थियों की सूचना दर्ज कराई जा चुकी है। जबकि माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को इसके लिए पोर्टल लाइव किया गया है। आज से ही उनके शिक्षकों का भी डेटा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## सौरभ हत्याकांड में थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**● आरोपियों को बचाने का आरोप, 4 हत्यारोपी गिरफ्तार लेकिन शूटर बबलू फरार**



**वाराणसी।** सिंधौरा थाना क्षेत्र के मझांवा में रंजिशन और जमीनी विवाद में सौरभ सिंह की हत्या के बाद पुलिस की भूमिका ने पूरे महकमे की किरकिरी करा दी। पुलिस की फजीहत के बाद थानेदार पर कार्रवाई की गाज गिरी। फजीहत का डैमेज कंट्रोल करते हुए पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने थानाध्यक्ष सीपी ने थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्ञानेन्द्र कुमार त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। उन्हें लाइन में आमद कराने का आदेश जारी किया। नगर निगम थाना सिगरा चौकी प्रभारी दरोगा पंकज कुमार को थानाध्यक्ष सिंधौरा नियुक्त किया। पूरे मामले में डीसीपी गोमती से रिपोर्ट भी मांगी है। उधर, रंजिशन और जमीनी विवाद में सौरभ सिंह की हत्या में चार नामजद आरोपियों को सिंधोरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में रिशु सिंह, देवी सिंह, राजेश सिंह, गोलू सिंह है। जबकि नामजद बबलू सिंह और हरिओम सिंह अभी फरार है, जिनकी गिरफ़्तारी को दबिश जारी है। शुक्रवार रात 10 बजे पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल ने राजपत्रित अधिकारियों की बैठक में तीनों जोन की समयबद्ध विवेचना, अपराध नियंत्रण, सक्रिय पुलिसिंग की समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग में सबसे पहले थाना सिंधौरा क्षेत्र में घटित सनसनीखेज हत्या की चर्चा हुई, सीपी ने कार्रवाई जानी और वारदात में पुलिस की भूमिका पर सवाल किए। अब तक थानेदार और दरोगा ने शिकायतों के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं की?

## पैकेजिंग उद्योग को मिलेंगे कुशल मानव संसाधन

**● इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ पैकेजिंग की पहल से वाराणसी के उद्यमियों में जगी उम्मीद**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश कोरूगेटेड बॉक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (यूपी सीबीएमए), वाराणसी की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को लक्सा स्थित एक होटल में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश भाटिया ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में राजेश भाटिया ने कहा कि पैकेजिंग उद्योग पिछले कई वर्षों से कुशल एवं प्रशिक्षित कामगारों की गंभीर कमी से जूझ रहा है। इस दिशा में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग (आईआईपी), मुंबई की पहल उद्योग जगत् के लिए आशा की नई किरण बनकर सामने आई है। संस्थान द्वारा लखनऊ में पैकेजिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। इसी क्रम में प्रथम बैच के सात प्रशिक्षु विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु उत्तर प्रदेश कोरूगेटेड बॉक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के माध्यम से विभिन्न पैकेजिंग इकाइयों में भेजा गया है।

## विश्वकर्मा समाज के नवयुवक की हत्या पर आक्रोश



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव में रास्ते के विवाद को लेकर विश्वकर्मा समाज के नवयुवक की हत्या पर गहरा दुख और आक्रोश जताते हुए इस घटना को प्रशासनिक उपेक्षा और लापरवाही का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संरक्षित दबंगों द्वारा विश्वकर्मा समाज के राजू विश्वकर्मा की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। उन्होंने घटना में नामजद दोषी अभियुक्तों को तत्काल गिरफ्तार कर दंडात्मक कार्यवाही करने तथा परिजनों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## मंडलीय अस्पताल को राष्ट्रीय मानकीकरण से मिला प्रमाण पत्र

**वाराणसी।** शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय के पैथालाजी विभाग को राष्ट्रीय मानकीकरण संस्था द्वारा गहन परीक्षण और निरीक्षण के बाद उच्च मानक पर पाया गया है। संस्था ने विभाग को प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. बृजेश कुमार ने बताया कि लंबे प्रयासों के बाद यह मान्यता मिली है। अब मरीजों को अधिक विश्वसनीय और बेहतर जांच रिपोर्ट मिल सकेगी। जांच विभाग के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे पूर्वांचल के लिए गौरव की बात है। यह प्रमाणीकरण अस्पताल में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों, कर्मचारियों की कुशलता और गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था को मजबूत प्रमाण मानकर देखा जा रहा है।

## पाईप लाईन बिछान के बाद खोदी गयी सड़क तत्काल ठीक करायी जाए

**● अधिकारियों के साथ बैठक में मंत्री ने दिये सख्त निर्देश**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने शहर में चल रहे विकास कार्यों को लेकर मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, रेलवे, पीडब्ल्यूडी, विद्युत आदि विभागीय अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस सभागार में बैठक की। विद्युत विभाग द्वारा शहर में किये जा रहे अन्डर ग्राउण्ड केबलिंग के कार्यों के उपरान्त सड़क खुदाई के बाद कतिपय कालोनियों की सड़कों को बिना मरम्मत के छोड़ दिया जा रहा है जिससे बरसात के समय में आमजन को काफी समस्या एवं दुर्घटना का कारण बन रही है। इस पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल सड़कों के मरम्मत कराए जाने के निर्देश विद्युत विभाग के अभियंता एवं नगर निगम को दिया। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर अभियान चलाकर पूर्ण किया जाय अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि बारिश के मौसम को देखते हुए विद्युत केबल, सीवर या पानी की पाइपलाइन बिछाये जाने के पश्चात खोदी गई सड़को का मरम्मत तत्काल कराया जाय ताकि आम निवासियों किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी के प्रथम काशी आगमन पर स्वागत

**● कार्यकर्ताओं ने बरसाये फूल, बुलन्द किया नारा**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम के प्रथम काशी आगमन पर शुक्रवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर के विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पुष्पमालाओं, पुष्पवर्षा एवं जोरदार नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। पूरे मार्ग पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। राजेंद्र पाल गौतम लखनऊ से सड़क मार्ग द्वारा वाराणसी पहुंचे। इसके उपरांत गौतम कचहरी स्थित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचे, जहां उन्होंने माल्यार्पण कर संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां से वे संत रविदास मंदिर, सीर गोवर्धनपुर पहुंचे, जहां दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, एवं महानगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष चंचल शर्मा अनिल श्रीवास्तव, प्रजानाथ शर्मा, डॉ राजेश गुप्ता, सतनाम सिंह, वकील अंसारी, गुलशन अली, मयंक चौबे आदि उपस्थित रहे।

## रविदास पार्क में बनेगा आनंद कानन गुरुकुल

**वाराणसी।** वीडीए नगवा स्थित संत रविदास पार्क में 'आनंद कानन गुरुकुल' की स्थापना करेगा। गुरुकुल का डिजाइन तैयार कर लिया गया है तथा परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी बन चुकी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 1 करोड़ 96 लाख 87 हजार 668 रुपये खर्च किए जाएंगे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**
**NER-LJN-2026-205**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2026-205; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल: आनंदनगर–गोंडा सेक्शन:–कौआपुर–तुलसीपुर सेक्शन के बीच इंटरलॉक्ड LC गेट नंबर 123A को डायवर्जन रोड और गेट लॉज के साथ शिफ्ट किया जाना।; **अनुमानित लागत (₹):** ₹89,97,237.78; **अग्रिम धन (₹):** ₹1,80,000/-; **समापन अवधि:** 03 माह; **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-205** के लिए ई–निविदा दिनांक 22.07.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाधि/डब्ल्यू–217** **लखनऊ**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

## एक यूनिट खून से बच सकती है किसी की जान

**● रोटरी क्लब सेंट्रल ने अभियान चलाकर किया 13 यूनिट रक्त का संग्रह**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा आईएमए परिसर में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान अभियान में क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। अभियान के दौरान कुल 13 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। क्लब की अध्यक्ष डॉ. रितु गर्ग ने कहा कि रक्तदान सबसे श्रेष्ठ मानवीय सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर अनिल जाजोदिया, मनोज जाजोदिया, सी. पी. सिंह, ललित गुप्ता, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, डॉ. संजय गर्ग सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल ने भविष्य में भी जनसेवा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## विकास सिर्फ नमो घाट तक सीमित!

**● बारिश में पूरा इलाका डूब जाता है सीवर के पानी में**

**वाराणसी।** दुनियाभर से लोग जिस नमो घाट की खूबसूरती देखने वाराणसी आते हैं, उसके बगल में सीवर उफना रहे हैं। तालाब इतना गंदा है कि मछलियां मर रही हैं। गलियां गंदे पानी में डूब रही हैं। बारिश में चार फीट तक पानी भर जाता है। पीने के साफ पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतें कितनी भी करो, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। यह वार्ड नमो घाट से लेकर कज्जाकपुरा चौमुहानी तक जाता है। रामजानकी मंदिर के तालाब से उठने वाली दुर्गन्ध से लोग परेशान हैं। तालाब में सीवर का पानी और गंदगी पहुंचने से यह स्थिति बनी है। राजघाट हरिजन बस्ती में कई जगह सीवर लाइन धंसी हुई मिली। सीवर के ढक्कन टूटे हुए हैं और सड़कें बैठ चुकी हैं। बारिश में पूरा इलाका सीवर के पानी में डूब जाता है और निकलना मुश्किल हो जाता है।

**जनमुख**
**परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

# मऊ समाचार

## 26 स्कूली वाहनों का चालान, एक सीज, रविवार को फिटनेस जांच के लिए खुला रहेगा एआरटीओ कार्यालय

**मऊ।** जिले में स्कूली वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने तीसरे दिन शुक्रवार को संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान 26 वाहनों का चालान किया गया, जबकि एक वाहन को सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई शहर के ब्रह्मस्थान और मुहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र में की गई।

अभियान के दौरान परिवहन विभाग मऊ के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुहेल अहमद, प्रवर्तन पर्यवेक्षक जन्मेजय यादव और पुलिस विभाग (यातायात) के यातायात निरीक्षक श्याम शंकर पांडेय की टीम ने चेकिंग की।

एआरटीओ सुहेल अहमद ने बताया कि स्कूली वाहनों को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। बीते तीन दिन में 62 गाड़ियों का चालान किया गया, जबकि छह गाड़िया सीज की गई हैं। बताया कि जिले में कुल 945 स्कूली वाहन हैं, इसमें 137 का फिटनेस फेल था, जबकि 338 स्कूली वाहनों का परमिट फेल था। बताया कि तीन दिन में 34 गाड़ियों का परमिट जारी किया गया, जबकि 12 का फिटनेस पास किया गया।

एआरटीओ ने बताया कि फिटनेस समाप्त वाहनों की जांच के लिए 5 जुलाई, 2026 को एआरटीओ कार्यालय खुला रहेगा। यह दिन रविवार है, फिर भी कार्यालय विशेष रूप से खोला जा रहा है।

समस्त स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने फिटनेस समाप्त वाहनों को कार्यालय परिसर में लाकर फिटनेस से आच्छादित कराएं। यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि सभी स्कूली वाहन नियमों का पालन करें।

# मीरजापुर समाचार

## शनिवार के स्थान पर 06 जुलाई सोमवार का आयोजित होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने अपने एक आदेश के तहत जन सामान्य को अवगत कराते हुए बताया है कि उ0प्र0 शासन राजस्व अनुभाग–4 लखनऊ के निर्देश के क्रम में उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा–2026 (यू0पी0टी0ई0टी) की 04 जुलाई 2026 माह के प्रथम शनिवार के आयाजित होने के कारण 04 जुलाई 2026 दिन शनिवार को आहूत होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस को 06जुलाई 2026 दिन सोमवार को आयोजित किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि जनपद के समस्त तहसीलो में माह प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसील मुख्यालयो पर निर्धारित समय सीमा तक आयोजित किया जाता है, शिक्षक पात्रता परीक्षा होने के कारण माह के प्रथम शनिवार 04 जुलाई 2026 के स्थान 06 जुलाई 2026 दिन सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

# प्रयागराज समाचार

## नौवीं की छात्रा फंदे से लटका मिला शव



**नैनी (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महरा का पूरवा, चक दाऊद नगर में नौवीं की छात्रा का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कमरे में उसका शव फंदे से लटका मिलने से घर में कोहराम मच गया।

मौके पर पहुंची नैनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नैनी थाना क्षेत्र के महरा का पूरवा निवासी पायल विश्वकर्मा (15) पुत्री अरविंद विश्वकर्मा कक्षा नौ की छात्रा थी। उसके पिता क्षेत्र में साइकिल पंचर की दुकान चलाते हैं। परिजनों के अनुसार, घर पहुंचने पर उन्होंने पायल को खपरैल वाले कमरे में लोहे की रॉड से दुपट्टे के सहारे लटका देखा। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर नैनी इंस्पेक्टर ब्रिज किशोर गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा शव को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पलक दो भाई एक बहन में सबसे बड़ी थी।

# भदोही समाचार

## बादलों से सोलर हुआ बेदम, वेदमनपुर में पेयजल आपूर्ति बाधित

**चौरी।** बारिश और बादलों के बीच जल जीवन मिशन की वेदमनपुर इकाई की पानी आपूर्ति तीन दिनों से ठप है। तेल न होने से परिसर में रखा जनरेटर भी किसी काम का नहीं है। इससे गांव की करीब पांच हजार की आबादी प्रभावित है। ग्रामीण निजी सबमर्सिबल पंप से पानी लेकर काम चला रहे हैं। पानी की आपूर्ति सही न होने से नागरिकों में नाराजगी है। जिले में जल जीवन मिशन की परियोजना स्थापित की जा रही है। कई स्थानों पर सोलर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है। वेदमनपुर गांव में स्थित पेयजल टंकी से सोलर एनर्जी के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जाती है। बीते कुछ दिनों से बादलों के कारण सोलर पूरी तरह से नहीं चल पा रहा है। इससे नलकूप बंद पड़ा है। कर्मचारी रोशीलेकांत दुबे ने बताया कि जनरेटर तो मौजूद है लेकिन डीजल नहीं है। इसके कारण वह चल नहीं रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# बलिया समाचार

## वसंतपुर एमआरएफ प्लांट पर कूड़ा डंप देखकर भड़के डीएम



**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को वसंतपुर स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) प्लांट का निरीक्षण किया। प्लांट परिसर में कूड़े का अंबार देखकर भड़क गए। शनिवार से प्लांट को चालू करने के निर्देश दिए। प्लांट संचालक ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा जबरन प्लांट परिसर में कूड़ा डंप कर दिया गया है। कूड़ा निस्तारण के जमीन की भी कमी पड़ रही है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल अपर जिलाधिकारी (एडीएम) एवं लेखपाल को मौके पर बुलाकर नक्शे के आधार पर अतिरिक्त भूमि का चिह्नांकन कराया। निर्देश दिए कि चिह्नित भूमि का तत्काल निरीक्षण कर वहां तक पहुंचने के लिए यदि रास्ता नहीं है तो प्राथमिकता के आधार पर मार्ग का निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि उपलब्ध होने के बावजूद नगर पालिका परिषद की ओर से उसका उपयोग नहीं किया गया, जो गंभीर लापरवाही है। चेतावनी दी कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्लांट परिसर में कूड़े का अंबार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। प्लांट संचालक को निर्देश दिए कि शनिवार से हर हाल में प्लांट का संचालन शुरू किया जाए। साथ ही तहसीलदार, लेखपाल एवं प्लांट संचालक को मौके पर जाकर भूमि का अंतिम रूप से चिह्नांकन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में एसडीएम अनिल कुमार, प्लांट संचालक अभिनाश कुमार सिंह, तहसीलदार अतुल हर्ष, लेखपाल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गोरखपुर समाचार

## किराएदार ने फिरौती के लिए रची थी साजिश- खडंहर में मिला शव



**गोरखपुर।** सहजनवा कस्बे के वार्ड-9 पिपरा नई कॉलोनी से लापता छह वर्षीय मासूम अंशुमान सिंह की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में आरोपी किराएदार कल्पेश को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब एक माह पहले उसकी नौकरी छूट गई थी। आर्थिक तंगी की वजह से उसने मासूम का अपहरण कर उसके पिता से फिरौती मांगने की साजिश रची थी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि साजिश के तहत वह बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और वार्ड-10 स्थित लुचुई रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक बंद मकान के पीछे बने खंडहरनुमा कमरे में पहुंचा। वहां वह बच्चे के हाथ-पैर बांधने लगा। इसी दौरान बच्चे का सिर दीवार से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वह घबरा गया और शव को वहीं छोड़कर भाग निकला। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में यह भी बताया कि पूरी साजिश उसने अकेले रची थी और उसकी पत्नी की इसमें कोई भूमिका नहीं है।

पिपरा नई कॉलोनी निवासी विनय सिंह उर्फ कन्हैया का छह वर्षीय पुत्र अंशुमान यूकेजी का छात्र था। बृहस्पतिवार शाम करीब पांच बजे वह घर के बाहर फुल्की खाने के लिए निकला था। कुछ देर बाद वह लौटा और फिर बाहर चला गया। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और अपहरण की धारा में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने रातभर सीसीटीवी फुटेज खंगाले और खोजी कुत्तों की मदद से तलाश की। जांच में एक मैरिज हॉल के पास लगे कैमरे में बच्चा किराए पर रहने वाले कल्पेश के साथ जाता हुआ दिखाई दिया। इसी आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की।

शुरुआत में उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की लेकिन सख्ती से पूछताछ में टूट गया और उसकी निशानदेही पर शुक्रवार को शव बरामद कर लिया गया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी डॉ. कौस्तुभ मौके पर पहुंचे और परिजन से मुलाकात की। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

# चंदौली समाचार

## छत गिरने से आठ महीने की गर्भवती महिला की मौत

**मोहनिया।** कुदरा थाना क्षेत्र के केवढ़ी गांव में शुक्रवार सुबह घर की छत गिरने से मलबे में दबकर आठ महीने की गर्भवती महिला की मौत हो गई। हादसे में गर्भ में पल रहे शिशु की भी जान चली गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पति नंदू कुमार पाल ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे रंजू कुमारी (22) घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई, जिसके मलबे में वह दब गई। छत गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और रंजू को मलबे से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर कुदरा थाने की पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया।

# सोनभद्र समाचार

## नहर निर्माण की समस्याओं का संयुक्त टीम करेगी समाधान : एसडीएम

**सोनभद्र।** तहसील सभागार में शुक्रवार को एसडीएम निखिल यादव की अध्यक्षता में राजस्व एवं सिंचाई विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में नहर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए संयुक्त टीम बनाकर मौके पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम ने कहा कि रजखड़, बघाडू, रन्नू, दुमहान, केवल, ड्योढ़ी और हरनाकछार समेत कई गांवों से मुआवजा, सड़क, अवैध अतिक्रमण तथा भूमि अधिग्रहण से संबंधित शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं।

उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल और सिंचाई विभाग के अधिकारी किसानों से सीधे संपर्क कर मौके पर पहुंचें और समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। यदि किसी मामले का निस्तारण स्थानीय स्तर पर संभव न हो तो तत्काल इसकी सूचना उन्हें दी जाए।

बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कुछ मामलों में लेखपालों की शिथिलता का मुद्दा भी उठाया। इस पर एसडीएम ने राजस्व एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने और सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ओबरा की बंद हुई तीन में से दो इकाइयों से बिजली उत्पादन शुरू

**सोनभद्र।** तीन दिनों में बंद हुई ओबरा तापीय परियोजना की तीन इकाइयों में से शुक्रवार को अभियंताओं ने दो इकाइयों से बिजली उत्पादन शुरू करने में सफलता हासिल कर ली है। चालू हुई दोनों इकाइयों से शुक्रवार शाम तक लगभग 185 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था।

बता दें कि ब्वॉयलर ट्यूब लीकेज के कारण मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को एक के बाद एक ओबरा बी परियोजना की 200-200 मेगावाट क्षमता वाली 09वीं, 10वीं और 11वीं इकाइयां बंद हो गई थीं। इससे प्रदेश में बिजली संकट बढ़ गया था। बंद हुई इकाइयों से उत्पादन शुरू करने के लिए परियोजना प्रबंधन युद्ध स्तर पर काम कर रहा था।

बृहस्पतिवार की देर रात 12:22 बजे 09वीं और शुक्रवार दोपहर 2:48 बजे परियोजना की दसवीं इकाई से बिजली उत्पादन शुरू होने से प्रबंधन ने राहत की सांस ली। वहीं प्रबंधन ने बंद हुई 13वीं इकाई से भी बिजली उत्पादन शुरू करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। इस इकाई से शनिवार तक बिजली उत्पादन शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। समाचार दिए जाने तक ओबरा तापीय परियोजना की 09वीं इकाई से 105, 10वीं से 80, 11वीं से 77 और 12वीं इकाई से 154 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था। वहीं 1320 मेगावाट क्षमता वाली ओबरा सी परियोजना से 1201 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जा रहा था।

# आजमगढ़ समाचार

## बाजार से खरीदारी करके लौट रहे वृद्ध की बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, मौत

**आजमगढ़।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक की टक्कर में श्रीराम यादव (63) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दुर्घटना के कारणों की जांच हो रही है। श्रीराम यादव बाइक चलाते समय हेलमेट भी पहने थे। थानाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि खुटौली गांव निवासी श्रीराम यादव (63) बृहस्पतिवार की शाम को चतरातर (दुर्वासा) बाजार से खरीदारी करके धर्मदासपुर मार्ग से घर लौट रहे थे। रास्ते में एक डिग्री कॉलेज के पास मिट्टी ढुलाई में लगे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हेलमेट पहने होने के बावजूद उनके सिर में गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना देने के बाद उन्हें तत्काल फूलपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# गाजीपुर समाचार

## 23 तक चलेगा विशेष केसीसी और फसल बीमा अभियान

**गाजीपुर।** बारिश में देरी और सूखे की संभावना को देखते हुए डीएम अनुपम शुक्ला की ओर से तीन से 23 जुलाई तक विशेष केसीसी व फसल बीमा अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। जनपद में यह विशेष अभियान कृषि, सहकारिता, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, बीमा कंपनी, सभी व्यवसायिक एवं सहकारी बैंकों, जन सुविधा केंद्र संचालकों, ग्राम विकास पंचायती राज एवं राजस्व विभाग द्वारा समेकित रूप से चलाया जाएगा। जिलाधिकारी की ओर से बाढ़ से प्रभावित 166 ग्राम पंचायतों में विशेष रूप से मुनादी और ग्राम चौपाल आयोजित इन गांवों के शत प्रतिशत किसानों के केसीसी कार्ड बनवाने एवं उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव अथवा पंचायत सहायक, विकासखंड स्तर पर विकास खंड अधिकारी तथा जनपद स्तर पर जिला कृषि अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया

# सुल्तानपुर समाचार

## कैभा माधवपुर में वन महोत्सव का आयोजनः ग्रामीणों ने पीपल, पाकड़ के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया



**भदैंया (सुल्तानपुर)।** भदैया विकास खंड के कैभा माधवपुर गांव में शनिवार को वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 एवं वन महोत्सव का आयोजन किया गया। यह एक से सात जुलाई तक चलने वाले पौधारोपण सप्ताह का चौथा दिन था।

इस कार्यक्रम में भदैया ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पीपल, पाकड़, बरगद, महोगनी और सहजन जैसे विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वन अधिकारी अतुल सिंह, प्रधान प्रतिनिधि कैभा माधवपुर मनोज सिंह और गौरव सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को आम के पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया।

### उचहरा-पाल्हनपुर नहर पटरी सड़क गड्ढों में तब्दील

**सुल्तानपुर।** भदैयां विकासखंड क्षेत्र में प्राइमरी स्कूल उचहरा से जंजीरादास शंभूनाथ सिंह इंटर कॉलेज नरहरपुर और पाल्हनपुर पुल तक जाने वाली नहर पटरी सड़क की हालत जर्जर हो गई है। यह सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिससे स्कूली छात्राओं और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रामगंज राजबहा से नरहरपुर व पाल्हनपुर गांव तक जाने वाले इस संपर्क मार्ग का नवीनीकरण पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पांच साल पहले किया गया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई, जिसके परिणामस्वरूप साधारण बारिश में ही सड़क गड्ढों में बदल गई और जगह-जगह जलभराव होने लगा। हाल ही में, जंजीरादास शंभूनाथ सिंह कॉलेज नरहरपुर जा रही दो साइकिल सवार छात्राएं आरती और पूनम गड्ढों से बचने के प्रयास में खेत में जा गिरीं।

# देवरिया समाचार

## टुल्लू पंप में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**घांटी बाजार।** भटनी थाना क्षेत्र के घांटी खास स्थित झरना कुट्टी गांव में शुक्रवार की सुबह घर में टुल्लू पंप में उतरे करंट की चपेट में आने से 26 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। उसे बचाने पहुंचे पति के अलावा विवाहिता की बहन भी करेंट की चपेट में आकर झुलस गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई।

झरना कुट्टी निवासी फिरोज अंसारी की पत्नी कहकशा खातून (26) सुबह घर की सफाई के लिए टुल्लू पंप चालू करने गई थी। पंप चालू करने के बाद जैसे ही वहां से लौटने लगी, उसका पैर टुल्लू पंप से सट गया। टुल्लू पंप में करंट उतरने के कारण वह उसकी चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से झुलस गईं। पत्नी को करेंट की चपेट में फंसा देख पति फिरोज अंसारी और उनकी साली नेहा बचाने के लिए दौड़े, मगर वे दोनों भी करेंट की चपेट में आ गए।

# जौनपुर समाचार

## जौनपुर में डीएम ने की मानसून तैयारियों की समीक्षा



**जौनपुर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में आगामी मानसून की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक शुक्रवार शाम 4 बजे से 6 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में संपन्न हुई। इसमें वर्षा ऋतु में संभावित समस्याओं और उनसे निपटने की तैयारियों का विभागवार जायजा लिया गया।


जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। इसका मुख्य उद्देश्य किसी भी प्रकार की जनहानि, पशुहानि या आमजन को होने वाली असुविधा को रोकना है। बैठक में लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को सड़कों पर मौजूद गड्ढों को अनिवार्य रूप से भरने के निर्देश दिए गए, ताकि वर्षा के दौरान आवागमन बाधित न हो। विद्युत विभाग को विद्युत खंभों और ट्रांसफार्मरों पर डेंजर बोर्ड लगाने तथा बारिश के मौसम को देखते हुए विद्युत आपूर्ति एवं सुरक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय बनाकर सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। नगर निकायों, विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग को सक्रिय मोड में रहकर काम करने को कहा गया। अधिशासी अधिकारियों को जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने देने के लिए पंपिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने और मेनहोल को शत-प्रतिशत ढकवाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, नालों एवं नालियों की नियमित सफाई, कूड़ा निस्तारण और स्वच्छता की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं पेंटिंग कराने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को अभियान चलाकर अतिक्रमण की गई पटरियों को खाली कराने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को आवागमन में कोई समस्या न हो। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं का सत्यापन करने और जहां भी कमी मिले, उसे तत्काल दूर कराने को कहा।

# लाइफ मंत्र

## सावन में होंगे 4 सोमवार, 3 अगस्त को है सावन का पहला सोमवार



इस बार सावन में 4 सोमवार होंगे। इस साल सावन का महीना 30 जुलाई 2026 से शुरू होकर 28 अगस्त 2026 तक चलेगा। सावन का पहला सोमवार 3 अगस्त 2026 को पड़ेगा और सावन का अंतिम सोमवार 24 अगस्त को पड़ रहा है। इस साल सावन में कुल 4 सोमवार आ रहे हैं। सावन महीने में 4 सोमवार व्रत होंगे।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सावन माह में सोमवार के दिन का भी विशेष महत्व होता है। सावन सोमवार व्रत मनोकामना पूर्ति के लिए किया जाता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इसलिए धार्मिक दृष्टि से सावन सोमवार का विशेष महत्व होता है। इस महीने राशि के अनुसार विशेष उपाय करने शिवजी की कृपा प्राप्त होती है। सावन के सोमवार का भक्तों को बहुत इंतजार रहता है। इस महीने में भोलेशंकर की विशेष अराधना की जाती है। लोग भोले शंकर का रुद्राभिषेक कराते हैं। सावन मास भगवान शिव का सबसे पसंदीदा माह है और इस दौरान यदि कोई श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ भोलेनाथ की आराधना करता है तो उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है इस महीने भगवान शिव की विधि-विधान के साथ पूजा होती है। सावन के पावन महीने में शिव के भक्त कावड़ लेकर आते हैं और उस कांवड़ में भरे गंगा जल से शिवजी का अभिषेक करते हैं।

**कब से कब तक रहेगा सावन**

इस वर्ष सावन का महीना 30 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त 2026 तक चलेगा। इस दौरान कुल चार सोमवार आएंगे। सावन का समापन रक्षाबंधन पर्व के साथ होगा, जो भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है, जो इस बार 28 अगस्त को मनाया जाएगा।

**शुभ योग**

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि साल 2026 का पहला सावन सोमवार 3 अगस्त को पड़ रहा है, जो धार्मिक दृष्टि से काफी खास माना जा रहा है। यह दिन श्रावण कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि पर आएगा। ज्योतिष गणना के अनुसार इस दिन उत्तरभाद्रपदा और रेवती नक्षत्र का प्रभाव रहेगा। इसके साथ ही सुकर्मा योग और धृति योग का निर्माण भी होगा, जिससे दिन की शुभता कई गुना बढ़ जाएगी।

सावन का पहला सोमवार 3 अगस्त 2026 को पड़ेगा और सावन का अंतिम सोमवार 24 अगस्त को पड़ रहा है। इस साल सावन में कुल 4 सोमवार आ रहे हैं। सावन महीने में 4 सोमवार व्रत होंगे और चार मंगला गौरी व्रत होंगे। वहीं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस समय मंत्र जप का भी बहुत महत्व होता है। 'ओम नमः शिवाय' मंत्र का जप करने से सभी तरह के दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। शिव भगवान को यदि प्रसन्न करना है तो सावन माह में पूरे विधि विधान के साथ उनकी पूजा जरूर करनी चाहिए। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि

## आलिया भट्ट की Alpha की दमदार शुरुआत, Welcome to the Jungle पहुंची 100 करोड़ के करीब



इस वीकेंड दो बड़ी फिल्में—आलिया भट्ट की एक्शन-थ्रिलर 'अल्फा' और हुमा कुरैशी की 'बेबी डू डाई डू' रिलीज हुईं। जहां वाईआरएफ (YRF) की स्पाई यूनिवर्स फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी बढ़त हासिल की, वहीं अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' और शाहिद कपूर की 'कॉकटेल 2' जैसी पुरानी फिल्में भी टिकट खिड़की पर टिकी हुई हैं। शुक्रवार, 3 जुलाई को सिनेमाघरों में बॉक्स ऑफिस पर बड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस वीकेंड दो बड़ी फिल्में—आलिया भट्ट की एक्शन-थ्रिलर 'अल्फा' और हुमा कुरैशी की 'बेबी डू डाई डू' रिलीज हुईं। जहां वाईआरएफ (YRF) की स्पाई यूनिवर्स फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी बढ़त हासिल की, वहीं अक्षय कुमार की 'वेलकम टू द जंगल' और शाहिद कपूर की 'कॉकटेल 2' जैसी पुरानी फिल्में भी टिकट खिड़की पर टिकी हुई हैं। आइए जानते हैं किस फिल्म ने पहले दिन कितनी बाजी मारी।

**अल्फा**

आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर फिल्म 'अल्फा' 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई। शिव रवैल द्वारा निर्देशित इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और ओपनिंग डे पर 9.25 करोड़ रुपये की कमाई की। हालांकि फिल्म डबल-डिजिट की कमाई तक नहीं पहुंच पाई, फिर भी इसकी कमाई को अच्छा माना जा रहा है। फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ ने जासूसों की भूमिका निभाई है।

**बेबी डू डाई डू**

हुमा कुरैशी स्टारर डार्क कॉमेडी और एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'बेबी डू डाई डू' शुक्रवार को रिलीज़ हुई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले दिन 40 लाख रुपये की कमाई की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का बजट 25 करोड़ रुपये हैं, इसे देखते हुए, इसकी ओपनिंग डे की कमाई काफी कम है।

**वेलकम टू द जंगल**

'वेलकम टू द जंगल' ने बॉक्स ऑफिस पर अपने आठवें दिन 4.50 करोड़ रुपये की कमाई की। आठ दिन बाद भी फिल्म 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है; इसने अब तक कुल 97.65 करोड़ रुपये की कमाई की है। अहमद खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, परेश रावल और अरशद वारसी जैसे कलाकार हैं।

**कॉकटेल 2**

शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर 'कॉकटेल 2' ने अपने 15वें दिन सिर्फ 75 लाख रुपये की कमाई की। अपने दूसरे गुरुवार को फिल्म ने 1.25 करोड़ रुपये कमाए। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कुल कमाई अभी 90.15 करोड़ रुपये है। दो हफ़्ते बाद भी फिल्म 100 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंचने से काफी दूर है।

**मा इंटी बंगारम**

सामंथा की साउथ इंडियन फिल्म 'मा इंटी बंगारम' ने रिलीज़ के 15वें दिन 75 लाख रुपये की कमाई की। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 54.70 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। इसे बीवी नंदिनी रेड्डी ने डायरेक्ट किया है। सामंथा रूथ प्रभु ने फिल्म में शानदार एक्शन सीन किए हैं।



## Maatrubhumi को सेंसर बोर्ड से नहीं मिली मंजूरी? Salman Khan की टीम ने अफवाहों को किया खारिज, सामने रखी सच्चाई

**अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर जारी एक बयान में प्रोडक्शन कंपनी ने इन आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि फिल्म को सर्टिफिकेशन के लिए CBFC के पास भेजा ही नहीं गया है, इसलिए ये सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं।**

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की आगामी फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' (Maatrubhumi: May War Rest In Peace) को लेकर पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और मीडिया गलियारों में कई तरह की अफवाहें उड़ रही थीं। इन रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC) यानी सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब इन सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए सलमान खान की प्रोडक्शन कंपनी 'सलमान खान फिल्म्स' (SKF) ने एक आधिकारिक बयान जारी कर सच्चाई सामने रखी है।

अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर जारी एक बयान में प्रोडक्शन कंपनी ने इन आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि फिल्म को सर्टिफिकेशन के लिए CBFC के पास भेजा ही नहीं गया है, इसलिए ये सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं।


**ऑफिशियल बयान यहाँ है:**

बयान में कहा गया, 'ऐसे सभी दावे गलत हैं जिनमें कहा गया है कि 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को CBFC से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है या इसके सर्टिफिकेशन को रोक दिया गया है। फिल्म को अभी तक सर्टिफिकेशन के लिए CBFC के पास जमा ही नहीं किया गया है। इसलिए, ऐसी रिपोर्टें पूरी तरह बेबुनियाद हैं।' प्रोडक्शन हाउस ने मीडिया संगठनों और सोशल मीडिया यूज़र्स से भी अपील की कि वे बिना पुष्टि की गई जानकारी न फैलाएं। उन्होंने कहा कि फिल्म से जुड़ी कोई भी जानकारी सिर्फ 'सलमान खान फिल्म्स' के ऑफिशियल प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए ही दी जाएगी। बयान में आगे कहा गया, 'हम मीडिया आउटलेट्स और लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे बिना पुष्टि की गई जानकारी न फैलाएं। फिल्म के बारे में कोई भी ऑफिशियल अपडेट 'सलमान खान फिल्म्स' अपने ऑफिशियल चैनलों के ज़रिए ही शेयर करेगा।' यह स्पष्टीकरण उन रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें कहा गया था कि 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को सर्टिफिकेशन में रुकावटों का सामना करना पड़ रहा है। इस ताज़ा अपडेट से साफ़ हो गया है कि सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया अभी शुरू ही नहीं हुई है और लोगों को जानकारी के लिए सिर्फ ऑफिशियल सोर्स पर ही निर्भर रहना चाहिए।

**फिल्म के बारे में और जानकारी**

इस फिल्म में सलमान खान कर्नल संतोष बाबू का किरदार निभा रहे हैं, जो 16 बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर थे। उन्होंने उस लड़ाई के दौरान भारतीय सेना का नेतृत्व किया था जब बॉर्डर पर सीज़फ़ायर समझौता लागू किया गया था। फिल्म में चित्रांगदा सिंह मुख्य महिला भूमिका में हैं। 'मातृभूमि' में अभिलाष चौधरी और अंकुर भाटिया भी अहम भूमिकाओं में होंगे और इसका म्यूजिक हिमेश रेशमिया ने तैयार किया है। फिल्म का टीज़र प्रोड्यूसर्स ने 27 दिसंबर, 2025 को लॉन्च किया था, क्योंकि इसी तारीख को सलमान खान 60 साल के हुए थे। सलमान खान की पिछली रिलीज़ 'सिकंदर' थी, जिसे ए.आर. मुरुगाडोस ने डायरेक्ट किया था और जिसमें रश्मिका मंदाना भी थीं।

## सेंसर बोर्ड की पाबंदियों के बाद आखिरकार रिलीज हुई अत्तू Dosanjh की फिल्म, 'पंजाब 95' का नाम बदलकर हुआ 'सतलुज'




कई मुश्किलों का सामना करने के बाद, एक्टर-सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' (जिसका पहले नाम 'पंजाब 95' था) OTT प्लेटफ़ॉर्म ZEE5 पर रिलीज़ हो गई है। यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा की जिंदगी पर आधारित है, जो 1995 में लापता हो गए थे। पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपनी हालिया थिएट्रिकल रिलीज 'मैं वापस आऊंगा' की जबरदस्त सफलता को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। इस बड़ी कामयाबी के बीच, दिलजीत के फैंस के लिए एक और बेहद हैरान करने वाली और बड़ी खुशखबरी सामने आई है। सेंसर बोर्ड (CBFC) के पास लंबे समय से कानूनी और तकनीकी उलझनों के कारण अटकी हुई उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पंजाब 95' आखिरकार चुपचाप ओटीटी पर रिलीज हो गई है। फिल्म का नाम बदलकर अब 'सतलुज' कर दिया गया है।

**इसे कहाँ देख सकते हैं?**

कई मुश्किलों का सामना करने के बाद, एक्टर-सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' (जिसका पहले नाम 'पंजाब 95' था) OTT प्लेटफ़ॉर्म ZEE5 पर रिलीज़ हो गई है। यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा की जिंदगी पर आधारित है, जो 1995 में लापता हो गए थे। दिलजीत दोसांझ ने खालरा का किरदार निभाया है।

**कास्ट में शामिल अन्य कलाकार**

फिल्म का निर्देशन हनी त्रेहान ने किया है। RSVP और मैकगफिन पिक्चर्स द्वारा प्रोड्यूस की गई 'सतलुज' में अर्जुन रामपाल, कंवलजीत सिंह, सुविंदर विक्की और गीतिका विद्या ओल्यान भी अहम भूमिकाओं में हैं।

**'सतलुज' का X पर रिव्यू**

कई X यूज़र्स ने रिलीज़ के कुछ घंटों के भीतर ही फिल्म देख ली है और सोशल नेटवर्किंग ऐप पर अपने रिव्यू भी पोस्ट किए हैं। यहाँ कुछ रिएक्शन देखें:

**दिलजीत ने फिल्म के लिए 'हाँ' क्यों कहा**

फिल्म के बारे में बात करते हुए, दिलजीत दोसांझ ने एक प्रेस नोट में कहा, 'मैंने इस फिल्म का हिस्सा बनने का फ़ैसला भाई जसवंत सिंह खालरा जी की शहादत और मानवता के लिए उनके योगदान की वजह से किया। जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट सुनी, तो मैं भावुक हो गया क्योंकि यह असल लोगों के अनुभवों, संघर्षों और बलिदानों पर आधारित है। एक कलाकार के तौर पर, ऐसी सार्थक कहानियों का हिस्सा बनने का मौका बहुत कम मिलता है। स्क्रिप्ट सुनते ही मुझे फिल्म के प्रति गहरी जिम्मेदारी का एहसास हुआ। मैंने पूरी ईमानदारी और सम्मान के साथ ऐसे प्रेरणादायक किरदार को निभाने का पक्का इरादा कर लिया।' हनी त्रेहान कहते हैं, 'आखिरकार दर्शकों को हमारी मेहनत देखने को मिलेगी।' उन्होंने आगे कहा, 'हमारी फिल्म 'सतलुज' हिम्मत, बहादुरी और इंसानियत की कहानी है। इस किरदार को निभाना मेरे करियर के सबसे यादगार अनुभवों में से एक रहा है। मैं शुक्रगुजार हूं कि दुनिया भर के दर्शक आखिरकार ZEE5 पर यह फिल्म देख पाएंगे और एक ऐसी कहानी से जुड़ पाएंगे जो बहुत निजी होने के साथ-साथ हर किसी के लिए देखने लायक है।'

डायरेक्टर हनी त्रेहान ने लिखा, 'शुरुआत से ही हमारा मकसद इस कहानी को ईमानदारी, संवेदनशीलता और बिना किसी समझौते के बताना था। लंबे इंतजार के बाद, दर्शकों को आखिरकार हमारी मेहनत और लगन का नतीजा देखने को मिलेगा। 'सतलुज' सिर्फ एक व्यक्ति की कहानी नहीं है; यह मुश्किल हालात में भी इंसानी जज़्बे की ताकत को सलाम है।'


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682